## एक नजर में

### कमलेश सोनी अभा स्वर्णकार समाज विकास और शोध संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत



**मंदसौर।** अभा स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रकुमार राजपूत ने स्वर्णकार समाज के प्रति लगन, इमानदारी एवं संस्थान के प्रति केन्द्रीय कार्यकारिणी के राष्ट्रीय महासचिव हुकुमचंद सोनी, कृष्णगोपाल मिरिंडया, योगेन्द्र वर्मा, राममिलन सोनी ग्वालियर ने स्वर्णकला बोर्ड के पूर्व सदस्य एवं सागर के अध्यक्ष कमलेश सोनी को अ.भा. स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्था का मध्यप्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कमलेश सोनी ने कहा कि स्वर्णकार समाज पुरूषार्थी समाज है। सभी समाजजनों की कड़ी मेहनत से आज देश के व्यापार जगत में अपना उल्लेखनीय स्थान अर्जित किये है। मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रकुमार राजपूत ने जो महत्वपूर्ण जवाबदारी है मैं उसका पूर्ण रूप से निर्वहन करूंगा। आपने कहा कि अ.भा. स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान की मंदसौर जिले की कार्यकारिणी को भंग किया जा रहा है। लेकिन आपने कहा कि मध्यप्रदेश के अन्य जिलों की कार्यकारिणी यथावत रहेगी। व शीघ्र ही उर्जावान समाजजनों को कार्यकारिणी में स्थान दिया जाएगा। इस अवसर पर नवीन प्रदेश अध्यक्ष को अ.भा. स्वर्णकार समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी अफजलपुरवाला, प्रदेश मार्गदर्शक नागेश्वर सोनी नीलम मसाला, जिलाध्यक्ष अजय सोनी, शहर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन डाबर, जनकूपुरा पंचायत अध्यक्ष विजय सोनी मेलखे?वाला, कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी धुंध?कावाला, विनोद सोनी एसएसएन, विमल सोनी नेताजी, हितेश सोनी सम्राट, राजा सोनी बाजीगर, मनोहरलाल सोनी रतलामवाले, जगदीश सोनी अठाना, मनीष सोनी लाला, देवीलाल बगुनिया आदि ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### जिले के सभी स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव बच्चों को पुस्तकें और साइकिल बांटी



**मंदसौर।** जिले के सभी शासकीय स्कूलों में आज प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, पार्षदगण, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज एवं बीआरसी रामेश्वर डांगी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पाटीदार ने विद्यार्थियों से एकाग्रता के साथ शिक्षा ग्रहण कर उज्वल भविष्य बनाने का आह्वान किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज ने छात्राओं को निरंतर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं श्रीमती नम्रता चावला ने छात्राओं को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने तथा एआई जैसी आधुनिक तकनीकों का अपने करियर में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर निकला चल समारोह

- महिला मंडलों ने बिखेरी श्रद्धा की अनुपम छटा
- प्रथम स्थान पर रही चन्दनबाला महिला मंडल को मिला 10,100 रुपये का पुरस्कार



**मंदसौर। अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर सकल जैन समाज मंदसौर द्वारा नगर में एक भव्य और विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया।**

इस गौरवमयी यात्रा की सबसे आकर्षक और प्रेरक कड़ी जैन समाज की विभिन्न महिला मंडलों की सक्रिय भागीदारी रही। तपती गर्मी और चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना, समाज की मातृशक्ति ने पूर्ण श्रद्धा और उल्लास के साथ नंगे पैर चलते हुए महावीर के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाया। चल समारोह के दौरान विभिन्न मंडलों की महिलाएं अपने-अपने मण्डल की एक समान गरिमामयी वेशभूषा में सजी-धजी नजर आईं, वहीं कई महिलाओं ने भगवान महावीर के जीवन प्रसंगों और जन्म से संबंधित पात्रों का जीवंत रूप धरकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

श्रद्धा और अनुशासन के इस संगम को प्रोत्साहित करने के लिए सकल जैन समाज द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में इन सहभागी महिला मंडलों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन परिवार की ओर से उत्साहवर्धन स्वरूप नकद पुरस्कार राशि भेंट की गई। जिसमें चन्दनबाला महिला मण्डल को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 10,100 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।

चंदनबाला महिला मंडल की संस्थापिका शशि मारू के संयोजन में महिला मण्डल ने की सदस्यायों के सर की छतरी नुमा टोपी अति मनमोहक लग रही थी। सदस्याओं ने भगवान के समवशरण की रचना को वास्तविक रूप में प्रदर्शित किया, जो अत्यंत ही प्रशंसनीय थी, जिसे देखकर जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। द्वितीय स्थान पर रहे नरसिंहपुरा दिगम्बर महिला मण्डल को 9,100 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त महावीर जिनालय महिला मण्डल को 8,100 रुपये, चतुर्थ स्थान पर रहे खरतरगच्छ महिला मण्डल नयापुरा को 7,100 रुपये तथा पंचम स्थान प्राप्त सुरेन्द्र महिला मण्डल को 6,100 रुपये की राशि से पुरस्कृत किया गया। शांत क्रांति महिला मण्डल को भी 3,100 रुपये की विशेष राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही समारोह की भव्यता में योगदान देने वाले अन्य सभी प्रतिभागी महिला मंडलों में बण्डीजी का बाग मण्डल, अरिहन्त महिला मण्डल, श्रेयांस राजेन्द्र महिला मण्डल, श्रेयांसनाथ मंदिर मंडल, श्री नई पौषधशाला को 2100-2100 रूपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई।

इस पूरी चयन प्रक्रिया और मंडलों की प्रस्तुति का सूक्ष्म अवलोकन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें धार से बरखा पंकज जैन और सरिता संजय जैन, कविता विजय जी जैन, इंदौर से राजकुमारी जैन व ज्योति जैन तथा मंदसौर से निवेदिता नाहर और डॉ. प्रीति मुरडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सकल जैन समाज ने समारोह को सफल बनाने के लिए सभी महिला मंडलों की अटूट श्रद्धा और कठिन परिश्रम के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।



## नाग देवता बावड़ी के संरक्षण की उठी मांग, प्रशासन से हस्तक्षेप की अपील

**मंदसौर।** जिले में कलेक्टर अदिति गर्ग के निर्देशन में ऐतिहासिक बावड़ियों के संरक्षण एवं उन्नयन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत व्यापक कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर प्राचीन बावड़ियों को चिन्हित किया जा रहा है तथा उनके जीर्णोद्धार के लिए कार्य योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

जहां एक ओर प्रशासन द्वारा ग्राम लसुड़ावन एवं ग्राम पंचायत रिछा लाल मुहा सहित कई स्थानों की बावड़ियों के संरक्षण हेतु पहल की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शहर के मध्य स्थित वर्षों पुरानी नाग देवता की बावड़ी को लेकर स्थानीय रहवासियों ने चिंता व्यक्त की है।

गुरुकृपा कॉलोनी एवं विहार कॉलोनी के निवासियों के अनुसार, उक्त ऐतिहासिक बावड़ी पर एक कॉलोनाइजर द्वारा अवैध रूप से अधिकार जताकर संबंधित भूमि को बेचने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि संबंधित कॉलोनी पूर्व में ही नगर पालिका को हस्तांतरित हो चुकी है और बावड़ी के आसपास की भूमि बगीचे के रूप में दर्ज है।

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि यह न केवल एक ऐतिहासिक धरोहर के अस्तित्व के लिए खतरा है, बल्कि जल संरक्षण के प्रयासों के भी विपरीत है। रहवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर नाग देवता बावड़ी को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए तथा उसे भी जिले के अन्य ऐतिहासिक जल स्रोतों की तरह संरक्षण एवं उन्नयन योजना में शामिल किया जाए।

नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह प्राचीन धरोहर नष्ट हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस बावड़ी को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जाए।

**एक नजर** — गुजराती सेन समाज के जिला चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

# बलराम राठौर वरिष्ठ जिलाध्यक्ष व किशोर सेन बने युवा जिलाध्यक्ष



**मंदसौर।** जिला गुजराती सेन समाज की एकता और संगठन शक्ति का अनूठा उदाहरण हाल ही में पानपुर स्थित प्रसिद्ध बंजारी बालाजी मंदिर परिसर में देखने को मिला, जहाँ समाज के जिला स्तरीय चुनाव निर्विरोध रूप से हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुए। निर्वाचन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में जिले भर से आए सैकड़ों समाजजनों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई और समाज के उज्जवल भविष्य के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया।


निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया अनुभवी निर्वाचन अधिकारियों और समिति के सदस्यों की देखरेख में पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन निर्वाचन अधिकारी शंभुसेन राठौर, डॉ. राजेश बोराना, अंतिम देवड़ा, अनिल वप्ता, बाबूलाल परिहार, दिनेश सोलंकी, अर्जुन राठौर, अशोक परमार, राकेश सेन सम्राट, दिनेशसेन सौलंकी, रमेश सेन, श्यामलाल सौलंकी, भवानीशंकर सेन, नागुलाल सेन, राकेश भाटी, राजेश परिहार, सुरेश सौलंकी और ओमप्रकाश परमार द्वारा किया गया। निर्वाचन समिति ने गहन विचार-विमर्श के पश्चात घोषणा की कि वरिष्ठ जिलाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर बलराम राठौर कचनारा तथा युवा जिलाध्यक्ष के पद पर किशोर सेन मानपुरा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। दोनों ही पदों पर सर्वसम्मति से चयन होने पर समाजजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

निर्वाचन प्रक्रिया के सफल समापन के पश्चात बंजारी बालाजी मंदिर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके उपरांत भगवान बंजारी बालाजी एवं समाज के आराध्य देव सेन जी महाराज की भव्य महाआरती उतारी गई। आरती के पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं द्वारा पुष्पमालाएं पहनाकर आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात् सभी समाजजनों का सामूहिक स्नेहभोज किया गया।

# नीमच


## एक नजर में

### नीमच पुलिस ने रात में 165 वारंटी पकड़े, सट्टा खिलाने वाले 10 लोगों पर केस, 65 होटल-लॉज की तलाशी ली



**नीमच।** नीमच पुलिस ने मंगलवार रात पूरे जिले में 'कॉम्बिंग गश्त' (पकड़-धकड़) का अभियान चलाया। पुलिस ने एक ही रात में 165 वारंटियों को पकड़ा। इनमें से 66 ऐसे 'स्थायी वारंटी' हैं जो बहुत समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में नशा तस्करी, मारपीट और चोरी के मामलों के अपराधी शामिल हैं, जिन्हें सीधे जेल भेज दिया गया है। सिर्फ वारंटी ही नहीं, पुलिस ने अवैध धंधा करने वालों को भी नहीं बख्शा। 18 केस दर्ज कर 83 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। सट्टा खिलाने वाले 10 लोगों पर मामला दर्ज किया गया। जिले के 65 होटलों, लॉजों और ढाबों की बारीकी से तलाशी ली गई। सुरक्षा पुख्ता करने के लिए पुलिस ने 115 पुराने बदमाशों के घर जाकर उनकी हाजिरी ली। शहर और गांव के 12 मुख्य चौराहों पर नाकेबंदी की गई, जहां 100 से ज्यादा गाड़ियों को चेक किया गया। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों और ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से जुर्माना वसूला गया। एसपी अंकित जायसवाल ने कहा कि जिले में शांति बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### महावीर जयंती पर मांस बिक्री, नपा ने काटा चालान, मूलचंद मार्ग स्थित 'दिल्ली दरबार' होटल पर छापा, मांस जब्त



**नीमच।** नगर में महावीर जयंती के अवसर पर मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद, मूलचंद मार्ग स्थित 'दिल्ली दरबार' होटल पर मंगलवार रात नगरपालिका ने छापा मारा। टीम ने मौके से मांस जब्त कर चालानी कार्रवाई की। नगरपालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया को सूचना मिली थी कि 'दिल्ली दरबार' दुकान पर खुलेआम मांस बेचा जा रहा है। इस सूचना पर सीएमओ के निर्देश पर नपा कर्मचारी हेमंत कलोसिया और राहुल नरवाले की टीम ने रात करीब 9:30 बजे दुकान पर दबिश दी। टीम को देखते ही दुकान पर हड़कंप मच गया। नपा कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वहां मौजूद मांस को जब्त किया और दुकानदार का चालान काटा। इसके अतिरिक्त, टीम ने आसपास की अन्य दुकानों पर भी जांच-पड़ताल की। नगरपालिका टीम ने स्पष्ट किया कि महावीर जयंती जैसे पवित्र पर्व पर धार्मिक भावनाओं और सरकारी आदेशों का सम्मान करना अनिवार्य है। टीम ने दुकानदार को सख्त हिदायत दी कि यदि भविष्य में प्रतिबंध का उल्लंघन किया गया या नियमों की अवहेलना की गई, तो न केवल भारी जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि दुकान को सील करने जैसी कठोर वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। नगरपालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया ने बताया कि उन्हें प्रतिबंध के बावजूद दुकान संचालित होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर मांस जब्त किया गया और चालान बनाया गया है। उन्होंने दोहराया कि नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 365 करोड़ का निवेश से 222 लोगों को मिलेगा रोजगार

- फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में नीमच की एक और छलांग
- नीमच प्रोटीन्स को मिली जमीन, बनाएगा खाद्य तेल और प्रोटीन, सुधरेगी स्थानीय किसानों की आर्थिक दशा, स्थानीय लोगों को भी मिलेगा घर के पास काम

**नीमच। जिले में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में एक और बड़ा निवेश आया है। जिले के नेवड़ क्षेत्र में नीमच प्रोटीन्स (मल्टीवर्स बायोफ्यूल समूह) को करीब 1.65 हेक्टेयर जमीन दी गई है, जहां कंपनी खाद्य तेल और सोया प्रोटीन से जुड़ा नया प्रोजेक्ट शुरू करेगी। इस परियोजना में लगभग 365 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, और इस करीब 222 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। जिससे जिले में रोजगार और व्यापार दोनों को बढ़ावा मिलेगा।**

फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्योग किसानों और स्थानीय व्यापार के लिए सीधे फायदे का काम करते हैं, क्योंकि इससे खेती से जुड़े उत्पादों की खपत बढ़ती है और बाजार मजबूत होता है।

### छोटे जिलों में बढ़ रहा फूड प्रोसेसिंग सेक्टर

प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर जिले में ऐसे उद्योग विकसित करना है जो स्थानीय संसाधनों से जुड़े हों। फूड प्रोसेसिंग सेक्टर इस दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है, क्योंकि यह सीधे किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं को जोड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन भी यही है कि खेती और उद्योग के बीच सीधा जुड़ाव बढ़ाया जाए। सरकार की मौजूदा औद्योगिक और फूड प्रोसेसिंग नीतियों में इसी पर जोर दिया जा रहा है। इसी का असर है कि अब नीमच जैसे जिलों में भी इस तरह के उद्योग स्थापित हो रहे हैं। पहले इस तरह की इकाइयां बड़े शहरों तक सीमित थीं, लेकिन अब छोटे जिलों में भी निवेश बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और बाहर जाने की जरूरत कम हो रही है।

नीमच प्रोटीन्स की इस फैक्टरी में सोयाबीन जैसे कृषि उत्पादों से खाद्य तेल और प्रोटीन तैयार किए जाएंगे, जिससे स्थानीय किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए पास में ही बेहतर बाजार मिलेगा। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलने की स्थिति बनेगी और उनकी आय में सुधार हो सकेगा। कुल मिलाकर किसानों और आम लोगों से जुड़ा यह निवेश नीमच को फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के मैप पर एक मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में महती कदम है।

प्रत्यक्ष रोजगार के अलावा ट्रांसपोर्ट, पैकिंग, छोटे व्यापार और अन्य सेवाओं में भी काम बढ़ेगा। यानी यह प्रोजेक्ट सिर्फ एक फैक्ट्री तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे इलाके में कमाई के नए अवसर तैयार करेगा। स्थानीय स्तर पर काम करने वाले लोगों और सेवा देने वालों की जरूरत बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। इसके साथ ही इलाके में जरूरी सुविधाओं के विकास को भी गति मिलेगी। परिवहन और माल ढुलाई से जुड़े काम बढ़ने से कई लोगों को अतिरिक्त आय के मौके मिलेंगे। कुल मिलाकर, इस निवेश से जिले की स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और आसपास के क्षेत्रों में भी विकास का असर दिखाई देगा।

### इनका कहना

एमपीआईडीसी उज्जैन के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि नीमच में हो रहा यह निवेश किसानों को बेहतर बाजार देने, स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने और जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में ऐसे प्रोजेक्ट से नीमच जैसे जिलों में विकास की रफ्तार और तेज होने की उम्मीद है।



## बालाजी महाराज की स्थापना निकाली कलश यात्रा

- अखिलेश्वर महादेव मंदिर में दो दिवसीय महोत्सव

**नीमच।** नगर के गांधीनगर स्थित अखिलेश्वर महादेव मंदिर में बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापना का दो दिवसीय महोत्सव बुधवार से शुरू हो गया। महोत्सव के पहले दिन मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर विधि-विधान से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

कलश यात्रा का शुभारंभ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। यात्रा में बैंड-बाजे बालाजी के भजन बजाते हुए आगे चल रहे थे। उनके पीछे पुरुष धर्म ध्वजा लिए हुए थे, जबकि महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं। फूलों से सजी बग्गी में बालाजी महाराज की प्रतिमा को विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया।

यह कलश यात्रा गांधीनगर से शुरू होकर जवाहर नगर और शोरूम चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से गुजरी और अंततः मंदिर परिसर में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों ने पुष्प वर्षा कर इसका भव्य स्वागत किया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश डांगी ने बताया कि यह आयोजन वास्तव में तीन दिवसीय है। बुधवार को कलश यात्रा संपन्न होने के बाद हवन-पूजन शुरू किया गया है, जो पंडित श्रवण कुमार के सानिध्य में संपन्न हो रहा है।

**एक नजर** — नयागांव टोल पर लगेगा एक्स्ट्रा कर

# जमीन-टोल टैक्स की दरें बढ़ीं, नया वित्तीय सत्र में 52 लोकेशन्स पर जमीन महंगी

**जावद। नए वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ ही आम लोगों पर महंगाई का सीधा असर दिखना शुरू हो गया है। 1 अप्रैल से जावद में जमीन की नई कलेक्टर गाइडलाइन, नयागांव टोल टैक्स और क्षेत्र की बिजली दरों में बढ़ोतरी लागू हो गई है। इन बदलावों से रोजमर्रा के खर्चों में इजाफा होना तय है।**




**548 लोकेशन में से 52 की दरें बढ़ाई**– जावद क्षेत्र में 1 अप्रैल से नई गाइडलाइन दरें प्रभावी हो गई हैं। कुल 548 लोकेशन में से 52 स्थानों की दरें बढ़ाई गई हैं, जबकि 496 लोकेशन पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। सड़क और विकास कार्यों का असर इन दरों पर सबसे ज्यादा देखने को मिला है। जयसिंहपुर-नयागांव रोड बनने के कारण संबंधित क्षेत्रों की दरें बढ़ाई गई हैं। इनमें 35 लोकेशन पर 1 से 10 प्रतिशत तक और 17 लोकेशन पर 11 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

**सिंगोली क्षेत्र में 120 स्थानों की दरें बढ़ी**–सिंगोली क्षेत्र में भी 333 लोकेशन में से 120 स्थानों की दरें बढ़ाई गई हैं। नीमच से सिंगोली तक दो लेन सड़क बनने के कारण नीमच और सिंगोली के बीच आने वाले 48 स्थानों की गाइडलाइन दरों में वृद्धि हुई है। सिंगोली में 228 लोकेशन पर कोई नई दरें लागू नहीं की गई हैं। बढ़ाई गई लोकेशन में से 22 स्थानों पर 1 से 10 प्रतिशत, 96 स्थानों पर 11 से 20 प्रतिशत और 2 स्थानों पर 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

### टोल टैक्स में भी बढ़ोतरी लागू

1 अप्रैल से नयागांव टोल प्लाजा पर टोल टैक्स में भी बढ़ोतरी लागू हो गई है। नई दरों के अनुसार, कार चालकों को प्रति यात्रा लगभग 5 रुपए अधिक चुकाने होंगे, जबकि बस और ट्रक के लिए यह वृद्धि 15 रुपए तक है। भारी वाहनों पर 15 से 20 रुपए का अतिरिक्त भार पड़ा है। नई दरों के तहत अब कार चालकों को 36 रुपए के बजाय 39 रुपए देने होंगे। बस का टोल 94 रुपए, ट्रक का 235 रुपए, एलसीवी (हल्के वाणिज्यिक वाहन) का 196 रुपए और मल्टी एक्सल वाहन का 469 रुपए कर दिया गया है। टोल प्लाजा पर मासिक पास की दरों में भी वृद्धि की गई है। कार का मासिक पास अब 1170 रुपए, एलसीवी का 2820 रुपए, ट्रक/बस का 5880 रुपए और एमएवी (मल्टी एक्सल वाहन) का 7050 रुपए हो गया है।